तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026

10 राजिम के विकास पर राजधानी में मंथन, विधायक के नेतृत्व में...



12 5.50 करोड़ की जलावर्धन योजना फाइलों में पूर्ण, पर...





आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समैन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

# छुरा के आदर्श छात्रावासों में 40 की जगह मात्र 20 छात्रों को दिया गया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

पूरा प्रदेश आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के रूप में जाना जाता है और शासन द्वारा आदिवासी समाज के शैक्षणिक विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कागजों और पोस्टरों में योजनाओं का प्रचार-प्रसार भले ही व्यापक रूप से किया जा रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है।

ताजा मामला प्री-मैट्रिक आदर्श छात्रावास दुल्ला एवं अकलवारा का है, जहां 40 सीटों की क्षमता होने के बावजूद केवल 20 छात्रों को ही अनुमति दी गई है। जानकारी के अनुसार, प्री-मैट्रिक आदर्श छात्रावास दुल्ला में पिछले कई वर्षों से 40 छात्रों का प्रवेश होता रहा है। छात्रावास में 40 छात्रों के अनुरूप कमरे, बेड, गद्दे, टेबल और कुर्सियों की समुचित व्यवस्था भी उपलब्ध है। किंतु इस शैक्षणिक सत्र में शासन स्तर से केवल 20 छात्रों के लिए ही स्वीकृति प्रदान की गई है।

परिणामस्वरूप आधी सीटें खाली पड़ी हैं और संसाधनों का उपयोग नहीं हो पा रहा है। इसी प्रकार अकलवारा छात्रावास की स्थिति भी लगभग समान है। यहां भी 40 सीटों की व्यवस्था होने के बावजूद मात्र 20 छात्रों का ही संचालन किया जा रहा है। छात्रवृत्ति, राशन और भोजन जैसी सुविधाएं शासन से स्वीकृत सीटों के आधार पर मिलती हैं, जिससे अतिरिक्त छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जा सकता।

## संसाधन पूरे, पर आधे छात्र ही ले पा रहे लाभ

### पढ़ाई छोड़ने को मजबूर ग्रामीण छात्र

स्थानीय लोगों का कहना है कि छात्रावास में जगह नहीं मिलने के कारण कई छात्र पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो गए हैं, जबकि कुछ छात्र दूरस्थ क्षेत्रों से प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर स्कूल आ-जा रहे हैं। इससे उनकी पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, यदि पूरी 40 सीटों की अनुमति मिल जाए तो क्षेत्र के अनेक जरूरतमंद छात्रों को लाभ मिल सकता है। इस संबंध में ग्राम पंचायत दुल्ला की सरपंच शशि प्रभा सहित अन्य ग्रामीणों ने विधायक से सीट बढ़ाने की मांग की है, किंतु अब तक सीट संख्या में वृद्धि नहीं हो सकी है और 20 सीटों पर ही छात्रावास का संचालन किया जा रहा है।






### सीटों की संख्या बढ़ाकर 40 की जाए

मामले में जानकारी लेने के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त लोकेश पटेल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। यह स्थिति शासन की योजनाओं और जमीनी अमल के बीच अंतर को दर्शाती है। जहां एक ओर आदिवासी छात्रों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग न होना कई सवाल खड़े करता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने शासन से शीघ्र पूर्ण 40 सीटों की स्वीकृति देने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधा मिल सकें।

## खबर संक्षेप

### विधायक की अनुशंसा पर 45 लाख रुपए के निर्माण कार्यों को मंजूरी

**राजिम।** विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर कलेक्टर बीएस उइके ने 4 निर्माण कार्यों के लिए 45 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बेलर के बजरंग चौक के पास टिन शेड निर्माण कार्य के लिए 15 लाख रुपए, ग्राम पंचायत धुरसा, सिर्रीकला, कसेरूडीह में टिन शेड निर्माण के लिए अलग-अलग 10-10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व सीईओ जनपद पंचायत फिंगेश्वर को सौंपा गया है।



### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**फिंगेश्वर।** जामगांव हाईस्कूल प्रांगण के पास एक पेड़ से लटकता हुआ एक अज्ञात युवक का शव मिला है।फिंगेश्वर पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को फंदे से उतारकर पंचनामा कर चश्मदीदों के बयान लिए। शव के जेब से मोबाइल मिला जिससे उसकी पहचान महासमुंद जिले के पिथौरा गोपापर के निवासी दुलीचंद दीवान के रूप मे हुई है। पेड़ पर फांसी लगाने की घटना को लेकर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। पुलिस ने मृतक के परिजनों को जानकारी देकर फिंगेश्वर थाना बुलाया आवश्यक पूछताछ के बाद मृतक के शव का पोष्टमार्टम कर परिजनों के हवाले किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना मे लिया है।

### रिजवान मेमन बने जिला कोषाध्यक्ष

**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी, जिला गरियाबंद में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अल्पसंख्यक मोर्चा की नई जिला कार्यसमिति की घोषणा की गई। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय एवं अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मखमुर इकबाल खान की अनुमति तथा जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी एवं जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर की सहमति से अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष इमरान अली ने नई कार्यसमिति की घोषणा करते हुए बताया कि संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह टीम गठित की गई है। घोषणा के तहत रिजवान मेमन को अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। दायित्व मिलने पर रिजवान मेमन ने प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करेंगे तथा पार्टी की रीति-नीति और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नई कार्यसमिति की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि नई टीम के गठन से जिले में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा आगामी कार्यक्रमों और अभियानों में बेहतर समन्वय देखने को मिलेगा।

## विरोध : फ्लाईओवर निर्माण को लेकर व्यवसायी सख्ते में, बस स्टैंड क्षेत्र हो रहा प्रभावित

# फ्लाईओवर निर्माण को लेकर गहराया विवाद व्यापारियों व जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

- रेलवे ठेकेदार का प्रतिनिधि पहुंचा नवापारा, नपा अध्यक्ष से की मुलाकात

रायपुर-राजिम चलने वाली ट्रेन के नवापारा शहर के क्रासिंग में नेशनल 130 हाइवे पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से चंपारण चौक तक प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण को लेकर लोगो में असंतोष का वातावरण देखा जा रहा है। हाल ही में फ्लाईओवर से संबंधित खबर के प्रकाशन के बाद रेल्वे से जुड़े बिलासपुर के ठेकेदार अग्रवाल द्वारा अपने प्रतिनिधि गौरव अग्रवाल को सोमवार को नवापारा भेजा गया। वे यहां नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू से मुलाकात कर स्थिति स्पष्ट करने का प्रयास किया। मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि फ्लाईओवर का जो ड्राइंग और डिजाइन तैयार किया गया है, वह उनके पास उपलब्ध नहीं है, बल्कि मूल ठेकेदार के पास है। इस जवाब ने मामले को और अधिक उलझा दिया है, क्योंकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अब तक परियोजना की स्पष्ट रूपरेखा उपलब्ध नहीं कराई गई है। नपा अध्यक्ष ने सीधे तौर पर ठेकेदार के प्रतिनिधि को साफ शब्दो में कहा कि ड्राइंग डिजाइन दिखाइए। यहां लोगों को इस संबंध में हमें बताना पड़ेगा। कुछ मिनट की चर्चा के बाद गौरव अग्रवाल लौट गए जबकि उनके कर्मचारी यहां नेशनल हाइवे 130 के तीन स्थानों पर 100-150 मीटर की दूरी में तीन अलग-अलग डीजल पंप लगाकर खुदाई कर रहे है। इधर नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने लोक निर्माण विभाग के एसडीओ ऋषि सेन से संपर्क कर जानकारी मांगी तो उन्होने श्री सोनी को बताया कि फ्लाईओवर का निर्माण पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से लेकर चंपारण चौक तक प्रस्तावित है। इस जानकारी के सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। लोगों का कहना है कि यदि इतना बड़ा निर्माण कार्य प्रस्तावित था, तो इसकी जानकारी पहले सार्वजनिक क्यों नहीं की गई? इससे यहां सड़क किनारे के दोनों साईड के व्यवसायियों में नाराजगी बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बिना व्यापक जनसूचना और सार्वजनिक चर्चा के इस तरह की बड़ी परियोजना शुरू कर देना पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है।

**फ्लाईओवर परियोजना की रूपरेखा सार्वजनिक हो–** व्यापारियों और आम नागरिकों को आशंका है कि निर्माण कार्य के दौरान यातायात बाधित होगा, बाजार प्रभावित होंगे और रोजमर्रा की जिंदगी पर असर पड़ेगा। लोगों का कहना है कि अब जब मशीनें और निर्माण गतिविधियां शुरू हो रही हैं, तब हड़बड़ी का माहौल बन गया है। यदि पूर्व ▶▶| शेष पेज 10 पर


नवापारा में बनेगा फ्लाईओवर, मिट्टी परीक्षण के लिए खोदे गए गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

कार्य पर रोक लगाने की मांग



### दुर्घटना और असुरक्षा की आशंका

स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड से चंपारण चौक तक का मार्ग शहर का सबसे व्यस्ततम इलाका है। यहां दिनभर वाहनों और पैदल यात्रियों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में यदि स्ट्रीट लाइट हटा दी जाती हैं तो रात के समय अंधेरा छा सकता है, जिससे दुर्घटना और असुरक्षा की आशंका बढ़ जाएगी। व्यापारियों का कहना है कि पहले ही निर्माण को लेकर पर्याप्त जानकारी नहीं दी गई, और अब अचानक लाइट हटाने का आदेश आने से असमंजस की स्थिति बन गई है। अब सबकी निगाहें नगर पालिका और विद्युत विभाग पर टिकी हैं कि वे रेल्वे के निर्देश के बाद किस तरह समन्वय स्थापित करते हैं। यदि खंभे हटाए जाते हैं तो अस्थायी प्रकाश व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की ठोस योजना बनाना आवश्यक होगा।

### 20 लीटर महुआ शराब जब्त, युवक गिरफ्तार




**गरियाबंद।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे नया सवेरा अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना गरियाबंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में अवैध नशे के परिवहन एवं बिक्री पर रोक लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना गरियाबंद क्षेत्र में मुखबिर तंत्र और पेट्रोलिंग को सक्रिय किया गया था। थाना प्रभारी को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने घर में अधिक मात्रा में कच्ची महुआ शराब बिक्री के उद्देश्य से रखे हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। रेड कार्रवाई के दौरान संदेही व्यक्ति ने अपना नाम जोहत राम कमार (25 वर्ष) निवासी शाकिब भैंसातरा, थाना व जिला गरियाबंद बताया।

# सरकार दवाइयों को एकत्र करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर




गरियाबंद जिले के सुखानदी जंगल में सरकारी दवाईयों का जखिरा को लापरवाहीपूर्वक फेक दिया गया है इस खबर को हरिभूमि अखबार ने 23 फरवरी को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग के जिला चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची और लापरवाहीपूर्वक फेके गए दवाईयों को एकत्र कर बॉक्स में भरकर अपने साथ गरियाबंद ले गए। मजेदार बात निकलकर सामने यह आ रही है कि स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस दवा को शिक्षा विभाग के बीईओ को दिया गया था ताकि बच्चों को वितरण किया जा सके लेकिन दूसरी ओर यह बात गले के नीचे नहीं उतर पा रही है क्योंकि एक साथ बड़ी मात्रा में दवाई का जखिरा शिक्षा विभाग को किस आधार पर दिया गया होगा क्योंकि दवा का सेवन और वितरण बच्चों के उम्र के हिसाब से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की देखरेख में ही किया जाता है बहरहाल यह गंभीर लापरवाही का मामला सामने आने के बाद विभाग अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा है जो आने वाले समय में जॉच के बाद ही सही स्थिति सामने आ पाएगी।

# चिकित्सा प्रकोष्ठ ने स्वास्थ्य मंत्री से की 100 बिस्तर अस्पताल व आईसीयू मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति, प्रदेश पदाधिकारी, संभाग पदाधिकारी एवं जिला संयोजकों की घोषणा के बाद संगठन ने जनस्वास्थ्य को लेकर सक्रियता दिखाते हुए प्रदेश स्तर पर सशक्त पहल की है। डॉ. देवेंद्र कश्यप, प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में संपूर्ण टीम ने छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से सौजन्य भेंट कर मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंत्री ने चिकित्सा प्रकोष्ठ की नवगठित टीम को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन की यह टीम प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में सेतु की भूमिका निभाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि चिकित्सा प्रकोष्ठ शासन की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा और समाज के कमजोर वर्गों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दिलाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगा। भेंट के दौरान गरियाबंद जिला अस्पताल के समग्र विकास का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आदिवासी एवं वनांचल क्षेत्र होने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के मरीज जिला अस्पताल पर निर्भर हैं, किंतु वर्तमान 50 बिस्तरों की क्षमता क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है। इस पर अस्पताल की क्षमता बढ़ाकर 100 बिस्तर किए जाने की जोरदार मांग रखी गई, ताकि मरीजों को समय पर भर्ती और समुचित उपचार मिल सके। साथ ही आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ ▶▶| शेष पेज 10 पर

## जिले के क्रितेश कश्यप का लगातार दूसरी बार नेशनल वॉलीबाल में चयन

# वॉलीबाल स्पर्धा में भाग लेने प्रदेश की टीम हुगली रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद







46वीं सब जूनियर नेशनल बालक एवं बालिका वॉलीबाल चैम्पियनशिप का आयोजन 23 फरवरी से 1 मार्च तक पश्चिम बंगाल के हुगली में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ की अंडर-16 टीम कोलकाता (वेस्ट बंगाल) के लिए रवाना हो चुकी है। इस बार भी गरियाबंद जिले ने अपनी खेल प्रतिभा का दम दिखाया है। जिले के उभरते खिलाड़ी क्रितेश कुमार कश्यप (कृष्णा) का लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। खेलो इंडिया कान्हा क्लब से जुड़े कृष्णा पहले भी राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और अब दोबारा नेशनल में मौका मिलना उनके बढ़ते कद को दर्शाता है। क्रितेश कश्यप ने अपनी सफलता का श्रेय छत्तीसगढ़ वॉलीबाल फेडरेशन के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, सचिव हेमप्रकाश नायक, पूर्व राष्ट्रीय सचिव अकरम खान, कोच कौशल वर्मा तथा गरियाबंद जिला वॉलीबाल फेडरेशन के सचिव हरमेश चावड़ा और कोच जीडी उपासने को दिया।

**अनुशासन और मेहनत से मिला दूसरा मौका–** उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पदाधिकारियों और कोचों के मार्गदर्शन, नियमित अभ्यास और अनुशासन के बिना यह संभव नहीं था। सही दिशा-निर्देशन और निरंतर मेहनत ने उन्हें राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया है। जिला वॉलीबाल फेडरेशन के सचिव हरमेश चावड़ा ने कहा कि कृष्णा जैसे खिलाड़ी गरियाबंद की खेल प्रतिभा का प्रतीक हैं। लगातार जिले से खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर तक चयन यह साबित करता है कि ग्रामीण और छोटे शहरों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि दूरस्थ जिलों के खिलाड़ियों को मंच और प्रशिक्षण उपलब्ध ▶▶| शेष पेज 10 पर

# सूने मकान से आभूषणों की चोरी, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम रांवड़ निवासी सेवकराम साहू परिवार के साथ 20 फरवरी को एक शादी समारोह में शामिल होने चंपारण गया। दिनभर चंपारण में शादी घर में रहा और रात करीब 12 बजे जब वह घर लौटा तो ताला लटका हुआ मिला। घर अन्दर जाकर देखा तो पेटी का ताला भी टुटा हुआ था। पेटी में मेरी रखे जेवरात 1 नग माला सोने का तीन पत्ती कीमत 30,000 रुपए, दो जोड़ी सोने का खिनवा कीमत 50,000 रुपए, एक नग चांदी का करधन कीमत 10,000 रुपए, एक जोड़ी चॉदी का पायल कीमत 5,000 रुपए, एक नग चाँदी का चॉबी गुच्छा कीमत 1,000 रुपए इस तरह कुल 96 हजार रुपए के सामान को अज्ञात चोर ले गया था। चोरी की इस घटना की रिपोर्ट सेवकराम ने राजिम थाने में की। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### बजट सत्र में लखमा को सम्मिलित होने देने का निर्णय स्वागतोग्य

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से प्रारंभ होकर 20 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, इस महत्वपूर्ण बजट सत्र में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को शामिल होने देने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा लिया गया निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों की दृष्टि से स्वागतयोग्य है। शराब घोटाला प्रकरण में आरोपित कांग्रेस के पूर्व मंत्री एवं छह बार के विधायक श्री लखमा द्वारा सर्वोच्च न्यायालय से जमानत प्राप्त करने के उपरांत व्यक्तिगत रूप से लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बजट सत्र में सम्मिलित होने की अनुमति चाही गई थी। श्री नायक ने कहा, यह निर्णय लोकतंत्र की गरिमा, विधायिका की सर्वोच्चता एवं जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का सम्मान करने वाला है। भारतीय संविधान तथा विधानसभा की कार्यवाही एवं प्रक्रिया संबंधी नियमों के अनुसार, जब तक किसी जनप्रतिनिधि के विरुद्ध आरोप सिद्ध नहीं हो जाते, तब तक वह अपने संवैधानिक कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करने के लिए अधिकृत रहता है। वर्तमान में संबंधित मामला न्यायालय में लंबित है और आरोप अभी सिद्ध नहीं हुए हैं।

### जॉब फेयर में कुल 80 कंपनियों ने लिया भाग

**रायपुर।** युवा भारतीय रायपुर चैप्टर द्वारा आयोजित दो दिवसीय यंग इंडियन जॉब फेयर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह आयोजन युवाओं और उद्योग जगत के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में उभरकर सामने आया, जिसमें विद्यार्थियों और रिक्रूटर्स दोनों की ओर से उत्साहजनक सहभागिता देखने को मिली। वाय-आई रायपुर के चेयर पंकज सोमानी एवं को-चेयर कावित पासारी के नेतृत्व में आयोजित इस जॉब फेयर में कुल 80 कंपनियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के लिए 1300 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 1000 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की।

# राजिम के विकास पर राजधानी में मंथन, विधायक के नेतृत्व में डिप्टी सीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

आज राजधानी रायपुर में राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर व जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राजिम विधानसभा क्षेत्र में नगरी निकायों के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों, स्वीकृत निर्माण कार्यों एवं विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक रोहित साहू ने उप मुख्यमंत्री को क्षेत्र की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि सड़क निर्माण एवं नगरीय विकास से जुड़ी स्वीकृतियाँ मिलने से आम जनता को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा नगरी निकाय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने इन कार्यों की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा उप मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास हेतु लिए जा रहे निर्णयों की सराहना की और शीघ्र कार्य प्रारंभ किए जाने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर उपस्थित रहे भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पालिका गरियाबंद अध्यक्ष रिखीराम यादव, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष आशिफ मेमन, भाजपा जिला मंत्री एवं पार्षद सुरेंद्र सोनटेके, पार्षद गण रेणुका साहू, मधु देवांगन, पुष्पा साहू, सूरज सिन्हा, विष्णु मरकाम, राजू साहू, प्रीतम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### समय सीमा में पूरे होंगे कार्य : साव



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रदेश सरकार नगरीय विकास एवं सड़क निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाएगा, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों के सुझावों के आधार पर आगे भी विकास कार्यों को गति दी जाएगी। मुलाकात के अंत में विधायक रोहित साहू ने उप मुख्यमंत्री का पुनः आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजिम विधानसभा क्षेत्र में अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी और जनता को सीधा लाभ पहुँचेगा।

## हादसा : नेशनल हाईवे 130 सी फिर खून से रंगा 15 मीटर तक फैले शव के अवशेष


# धान से भरा ट्रक ने युवक को रौंदा, 3 किमी तक घिसटती रही बाइक, आरोपी चालक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-130 सी पर सोमवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। चिचिया के पास धान से भरी ट्रक ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, उसके शव के चीथड़े उड़ गए। जबकि पीछे बैठा युवक दूर जा गिरा और उसकी जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक ट्रक के बंपर में फंस गई। ट्रक का पिछला पहिया बाइक सवार को रौंदते हुए निकल गया, जिससे करीब 15 मीटर तक शव के अवशेष सड़क पर फैल गए। हादसे के बाद भी ट्रक नहीं रुका बताया जा रहा है कि टक्कर से ट्रक का एक टायर भी फट गया, इसके बावजूद वाहन आगे बढ़ता रहा। फंसी हुई बाइक को घसीटते हुए ट्रक करीब 3 किलोमीटर दूर बरबाहली गांव के पास जाकर ग्रामीणों ने रोका। मृतक की पहचान कुम्हड़ीखुर्द निवासी 42 वर्षीय अशोक यादव के रूप में हुई है। वह अपने रिश्तेदार गुड़िया यादव के साथ ओडिशा में एक सामाजिक कार्यक्रम से लौट रहा था।







### मौके पर मचा चिख पुकार और हड़कंप

घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस हृदयविदारक हादसे ने एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भारी वाहनों की गति पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए और दोषी चालक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

### पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया

थाना प्रभारी फैजुल हुदा शाह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक को रोका। चालक को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि इसी क्षेत्र में दो दिन पहले भी सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हुई थी, जिससे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

### तीन हादसे में 4 युवक की हुई थी मौत

शुक्रवार की रात तीन हादसे में 4 युवक की मौत हुई थी। जिसमें दो हादसे नेशनल हाइवे पर हुए थे। पिछले 14 माह में देवभोग थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 25 से ज्यादा मौतें हो गई, ज्यादातर हाइवे में। साल भर पहले ही बन कर तैयार हुआ नेशनल हाईवे की सड़क पहले की अपेक्षा दुगुनी चौड़ी हो गई।

### धान से भरी थी ट्रक

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक धान से भरी हुई थी और तेज रफ्तार में चल रही थी। गहनामुड़ा के पास बाइक को टक्कर मारने के बाद चालक ने वाहन नहीं रोका और चिचिया हाई स्कूल तक युवक को घसीटते हुए ले गया, जिससे घटनास्थल पर भयावह दृश्य बन गया।

## असम विधानसभा चुनाव : प्रियंका के साथ वन-टू-वन बैठक

**रायपुर।** असम में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरमैन प्रियंका गांधी से असम के स्पेशल ऑब्जर्वर एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने नई दिल्ली स्थित 10 जनपथ में चर्चा की। बैठक में असम की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति, संगठनात्मक मजबूती तथा जमीनी मुद्दों पर गहन मंथन किया गया। उन्होंने असम के विभिन्न जिलों से प्राप्त फीडबैक कार्यकर्ताओं की भावनाओं एवं जनता के प्रमुख मुद्दों की विस्तृत जानकारी स्क्रीनिंग कमेटी को दी।



- चुनाव को लेकर कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरमैन प्रियंका गांधी ने की विस्तृत समीक्षा

उन्होंने बताया कि असम की जनता महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और किसानों की समस्याओं से त्रस्त है। प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की नीतियों से आम जनमानस निराश है और परिवर्तन की स्पष्ट लहर दिखाई दे रही है। प्रियंका गांधी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने समर्पित और संघर्षशील कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने तथा जनता के मुद्दों को केंद्र में रखकर चुनाव लड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों पर मजबूती से चुनाव मैदान में उतरेगी और असम में जनभावनाओं के अनुरूप विकल्प प्रस्तुत करेगी। विकास उपाध्याय ने विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस पार्टी एकजुटता मजबूत संगठन और जनआधारित रणनीति के साथ असम विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी।





## सीएम साय ने सीजेआई न्यायमूर्ति सूर्यकांत का किया स्वागत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के छत्तीसगढ़ आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने मुख्य न्यायाधीश को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक स्वरूप राजकीय गमछा, विश्वविख्यात बस्तर दशहरा पर आधारित कॉफी टेबल बुक तथा बेल मेटल से निर्मित भगवान श्रीराम एवं माता शबरी की आकर्षक प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी. नरसिम्हा एवं न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा तथा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे हैं।

## प्रेस क्लब सदस्यों ने ट्रैफिक पुलिस के समक्ष लिया सड़क सुरक्षा का संकल्प



**रायपुर।** प्रेस क्लब द्वारा आयोजित स्व. कुलदीप निगम स्मृति इंटरप्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट खेलने वाली टीमों के कप्तानों का रविवार को प्रेस क्लब में स्नेहिल मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस, पत्रकार सहयोग के माध्यम से यातायात सुरक्षा और सड़क जागरूकता के विशेष अभियान को आगे बढ़ाने का प्रेस क्लब के सदस्यों ने संकल्प लिया।

वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप निगम का निधन सड़क दुर्घटना में हुआ था। उनकी स्मृति में आयोजित इस पहल के माध्यम से संदेश दिया गया कि हेलमेट पहनना जीवन रक्षा का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। प्रेस क्लब ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एडीसीपी ट्रैफिक विवेक शुक्ल, एसीपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर, गुरजीत सिंह उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि मीडिया समाज का मार्गदर्शक होता है, ऐसे में पत्रकारों द्वारा सड़क सुरक्षा का संदेश देना अत्यंत प्रभावी साबित होगा। उन्होंने हेलमेट की अनिवार्यता और यातायात नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा भारतीय, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुक्त सचिव निवेदिता साहू एवं भूपेश जांगड़े सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## सीएम साय ने सुनी मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीएम हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 131वीं कड़ी का प्रसारण देखा और सुना। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, कैबिनेट मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, राजेश अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने राजधानी रायपुर स्थित एमएमआई नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में प्रधानमंत्री कार्यक्रम देखा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, प्रदेश मंत्री अमित साहू, विधायक सुनील सोनी, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, रायपुर भाजपा प्रभारी राजेंद्र शर्मा, शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, ललित जयसिंघानी सहित पदाधिकारी, डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नवा रायपुर, अटलनगर शासकीय निवास कार्यालय में मन की बात सुनी। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने पश्चिम बंगाल के बर्धमान स्थित जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को देखा।





## भाजपा महिला मोर्चा ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा रायपुर शहर जिला मोर्चा की अध्यक्ष कृतिका जैन के नेतृत्व में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में युवा कांग्रेस द्वारा किए गए कृत्य के विरोध में शंकरनगर चौक बीटीआई मैदान के पास में धरना-प्रदर्शन किया गया। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के आव्हान पर महिला मोर्चा की लगभग 350 कार्यकर्ता पहुंचीं। भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी ने कांग्रेस पार्टी एवं राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

विभा अवस्थी ने कहा, एआई समिट जैसा वैश्विक आयोजन जहां दुनियाभर के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत के नेतृत्व क्षमता को देख कर साक्षी बनने आए हुए थे, वहां कांग्रेस द्वारा किया गया नग्न प्रदर्शन अत्यंत शर्मनाक और राष्ट्रविरोधी है। राहुल गांधी के निर्देश पर कांग्रेस द्वारा किया गया यह नग्न प्रदर्शन न केवल अमर्यादित है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारत की छवि को धूमिल करने की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। इस दौरान विधायक पुरंदर मिश्रा, भाजपा शहर जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अपेक्स बैंक अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता ने भी संबोधित किया।





## पेज 9 के शेष...

### फ्लाईओवर निर्माण...

सूचना दी जाती, तो लोग अपने सुझाव भी दे सकते थे। बता दें कि नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों को भी परियोजना की विस्तृत जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई। इससे स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों के बीच समन्वय की कमी उजागर हुई है। जनता का सवाल है कि क्या ड्राइंग और डिजाइन की स्वीकृति, ट्रैफिक डायवर्सन योजना और प्रभावित क्षेत्रों का आंकलन पहले से किया गया है? यदि हां, तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया? नागरिकों और व्यापारिक संगठनों ने मांग की है कि फ्लाईओवर परियोजना की पूरी रूपरेखा, ड्राइंग डिजाइन, लागत, समयसीमा और यातायात प्रबंधन योजना सार्वजनिक की जाए। साथ ही जनसुनवाई आयोजित कर नागरिकों की राय भी ली जाए। हालांकि फ्लाईओवर निर्माण जैसी महत्वपूर्ण परियोजना विकास की दिशा में एक बड़ा कदम हो सकती है, लेकिन पारदर्शिता और संवाद के अभाव में इसे उचित नही माना जा रहा है। अब प्रशासन और संबंधित विभागों के सामने चुनौती है कि वे स्थिति स्पष्ट करें, जनविश्वास बहाल करें और परियोजना को जनहित में पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ाएं।

**रेलवे का तुगलकी फरमान, हटेंगे बिजली के खंभे और हाईमास्ट लाइट-** जानकारी के मुताबिक नवापारा-राजिम शहर में प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण के बीच अब रेल्वे की ओर से एक और बड़ा निर्देश जारी किया गया है। रेल्वे प्रशासन ने शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित बस स्टैंड से लेकर चंपारण चौक तक रोड डिवाइडर के बीच स्थापित बिजली के खंभों और उसमें लगे लाइटों को हटाने का फरमान जारी किया है। इस निर्देश के बाद नगर में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। नगरवासियों और व्यापारियों के बीच इस निर्णय को लेकर चर्चा और चिंता दोनों बढ़ गई हैं। रेल्वे द्वारा फ्लाईओवर निर्माण की प्रक्रिया को गति देने के लिए मार्ग के बीच में आने वाले अवरोधों को हटाने की तैयारी की जा रही है। रोड डिवाइडर के बीच लगे बिजली के खंभे और स्ट्रीट लाइटें निर्माण कार्य में बाधा बन सकती हैं, जिसके चलते इन्हें हटाने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इन खंभों और लाइटों को हटाने के बाद वैकल्पिक व्यवस्था क्या होगी और कब तक पुनः स्थापित की जाएंगी।

**पारदर्शिता पर खड़े हो रहे बड़े सवाल-** नागरिकों का कहना है कि इस तरह के बड़े निर्णय लेने से पहले सार्वजनिक सूचना जारी की जानी चाहिए थी। लोगों ने मांग की है कि संबंधित विभाग स्पष्ट रूप से बताए कि कार्य की समय सीमा क्या है, वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था कैसे होगी और आमजन की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे? फ्लाईओवर निर्माण की दिशा में रेल्वे द्वारा उठाए जा रहे कदम विकास का संकेत तो देते हैं, लेकिन यदि जनसुविधाओं को प्रभावित किया जा रहा है तो उसकी समुचित और पूर्व तैयारी भी जरूरी है। शहरवासी चाहते हैं कि विकास कार्य पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ आगे बढ़े, ताकि सुविधा के नाम पर असुविधा न बढ़े।

**व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित, कारोबारियों में बढ़ी चिंता-** फ्लाईओवर निर्माण को लेकर अब व्यापारिक वर्ग की चिंता खुलकर सामने आने लगी है। बस स्टैंड से लेकर चंपारण चौक तक चल रहे निर्माण और तैयारियों के बीच सबसे अधिक असर बस स्टैंड, ढाबों, होटलों और छोटे-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। इसका सीधा असर बस स्टैंड क्षेत्र पर पड़ रहा है जो शहर की आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है। यहां दिनभर यात्रियों की आवाजाही रहती है, जिससे आसपास के चाय-नाश्ते की दुकानें, ढाबे, किराना स्टोर और अन्य प्रतिष्ठान संचालित होते हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि फ्लाईओवर निर्माण के चलते मार्ग बंद या डायवर्ट किया जाता है तो ढाबा और होटल संचालकों की परेशानी बढ़ जाएगी।

### चिकित्सा प्रकोष्ठ ने...

करने हेतु इमरजेंसी केयर आईसीयू की स्थापना का विषय भी विस्तार से रखा गया।

प्रतिनिधिमंडल ने तर्क दिया कि आईसीयू सुविधा उपलब्ध होने से गंभीर दुर्घटना, हृदय रोग, संक्रमण और अन्य जटिल मामलों में मरीजों को तत्काल उपचार मिल सकेगा और उन्हें रायपुर अथवा अन्य बड़े शहरों में रेफर करने की मजबूरी कम होगी। मंत्री श्री जायसवाल ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। उन्होंने विशेष रूप से मरीजों के परिजनों के लिए रियायती दर पर कैंटीन सुविधा एवं सुलभ शौचालय व्यवस्था के त्वरित निराकरण की बात कही। साथ ही बिस्तर क्षमता वृद्धि और आईसीयू स्थापना के संबंध में विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। इस महत्वपूर्ण भेंट के दौरान चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. हेमंत साहू, मीडिया प्रभारी डॉ. आसुतोष द्विवेदी, जिला मंत्री डॉ. मनीष सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने इसे जनस्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक निर्णायक और दूरगामी पहल बताया।

### वॉलीबाल स्पर्धा में...

कराना सराहनीय प्रयास है। कान्हा क्लब के कोच जीडी उपासने ने कहा कि लगातार दूसरी बार नेशनल के लिए चयन होना बड़ी उपलब्धि है। कृष्णा शुरू से ही अनुशासित, समर्पित और लक्ष्य के प्रति स्पष्ट सोच रखने वाला खिलाड़ी रहा है। फिटनेस, तकनीकी सुधार और निरंतर अभ्यास ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार भी कृष्णा छत्तीसगढ़ और गरियाबंद का नाम रोशन करेगा।

**प्रदेश की टीम-** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ़्फ़ू मेमन ने क्रितेश कश्यप को राष्ट्रीय चयन पर बधाई देते हुए कहा कि छोटे जिले से खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। कान्हा क्लब के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने भी कृष्णा को शुभकामनाएं दीं। पार्षद छगन यादव, इमरान मेमन, विजय कश्यप सहित अनेक खेल प्रेमियों ने इसे जिले की बड़ी उपलब्धि बताया। छत्तीसगढ़ सब जूनियर (अंडर-16) टीम बालक वर्ग

परमीत सिंह बीएसपी, विनय कुमार चौहान कोरबा, क्रितेश कुमार कश्यप गरियाबंद, चैत्यन्य नामदेव राजनांदगांव, सोमारू कुन्जाम दंतेवाड़ा, लक्की कुमार यादव बिलासपुर, एस. पार्थिवन दुर्ग, हर्षित मंडावी कबीरधाम, मधु सुशांत बीएसपी, मोहम्मद रेहान खान कबीरधाम, संस्कार सिंह बीएसपी, कुणाल बघेल दुर्ग, लोकेश रायपुर, अंकित बंजारे कोरबा। कोच अजीत कुट्टन रायपुर, कोच ओम बागी बिलासपुर, रविन्द्र सिंह (सूरजपुर) गरियाबंद जैसे उभरते जिले से खिलाड़ियों का लगातार राष्ट्रीय स्तर पर चयन यह दर्शाता है कि सही मार्गदर्शन, समर्पण और मेहनत से कोई भी खिलाड़ी ऊंचाइयों को छू सकता है। अब पूरे जिले की निगाहें हुगली (वेस्ट बंगाल) में होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता पर टिकी हैं, जहां छत्तीसगढ़ की टीम से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

### सूने मकान से...

अपने तरीके से प्रार्थी से पूछताछ किया। इस पूछताछ में पुलिस को समझ में आ गया। पुलिस ने चंपारण के उस संदेही आरोपी जितेन्द्र साहू को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया तो उन्होने कबुल करते हुए बताया कि प्रार्थी को पूरे परिवार के साथ वे शादी घर में चंपारण में देखा तो वह समझ गया कि उधर रांवड़ में कोई नहीं होगा। वह रांवड़ पहुंच गया और ताला को तोड़कर घर के अंदर में रखे सोना, चांदी चोरी कर निकल लिया। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर चोरी किए गए सोना, चांदी के गहने को गवाहो के सामने जप्त कर गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### विकास रोहरा बने भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यालय सहप्रभारी

**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी के शिक्षा प्रकोष्ठ में संगठनात्मक विस्तार के तहत गरियाबंद के विकास रोहरा को प्रदेश कार्यालय सहप्रभारी का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। संगठन द्वारा यह जिम्मेदारी दिए जाने के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। दायित्व मिलने पर विकास रोहरा ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो भरोसा उन पर जताया है, उसे वे पूरी



निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रकोष्ठ के माध्यम से संगठन की विचारधारा, नीतियों और शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूती देने के लिए सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी। विकास रोहरा ने अपने वक्तव्य में प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन मंत्री भाजपा अजय जामबाल, प्रदेश संगठन महामंत्री भाजपा पवन साय, प्रदेश संयोजक भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ कांतिलाल जैन, सांसद महासमुंद रूपकुमारी चौधरी, संगठन प्रभारी भाजपा जिला गरियाबंद अमित चिमनानी, अध्यक्ष भाजपा जिला गरियाबंद अनिल चंद्राकर, विधायक राजिम रोहित साहू, अध्यक्ष राज्य भंडार गृह मंडल चंदुलाल साहू, अध्यक्ष खाद्य आयोग छत्तीसगढ़ संदीप शर्मा, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, महामंत्री भाजपा जिला गरियाबंद आशीष शर्मा, मंत्री भाजपा जिला गरियाबंद सुरेन्द्र सोनटेके कोषाध्यक्ष भाजपा जिला गरियाबंद अजय रोहरा सहित जिला एवं प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

### अशोक वक्ता प्रशिक्षण में भाग लेने मुंबई रवाना

**नवापारा-राजिम।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कार्यालय मंत्री



अशोक बजाज 23 फरवरी को दो दिवसीय प्रवास पर मुम्बई रवाना हुए। वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत 6 राज्यों के होने वाले वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेंगे। श्री बजाज 25 फरवरी को लौटेंगे।

### जुआ खेल रहे तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** साहूडीपा जंगल ग्राम बामड़ाडीह में जुआ खेल रहे तीन लोगों के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से 21 हजार रुपए से ज्यादा की रकम बरामद की गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि साहूडीपा जंगल ग्राम बामड़ाडीह कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घेराबंदी कर 03 जुआड़ियों को पकड़ा।
पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम

---

**मांग : सुपेबेड़ा की स्वास्थ्य समस्याओं पर रायपुर में चर्चा, स्वास्थ्य मंत्री से मिले देवेंद्र**

# डायलिसिस सुविधा और नई अस्पताल बिल्डिंग को हैंडओवर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के संवेदनशील माने जाने वाले सुपेबेड़ा क्षेत्र की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं जनपद पंचायत सभापति देवेन्द्र सिंह ठाकुर ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान क्षेत्र में वर्षों से बनी हुई जल संकट की स्थिति, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और नव निर्मित अस्पताल भवन के संचालन को लेकर गंभीर बातचीत हुई। जल संकट को बताया सबसे बड़ी प्राथमिकता प्रदेश मंत्री ने सुपेबेड़ा में लंबे समय से चल रही पेयजल समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों को आज भी स्वच्छ और नियमित पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने सुपेबेड़ा जलप्रदाय योजना को शीघ्र पूर्ण कर नियमित जल आपूर्ति प्रारंभ करने की मांग रखी। यदि जलप्रदाय योजना को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाए तो न केवल दैनिक जीवन में सुधार होगा, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आएगी।



#### स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस सुविधा की मांग

मुलाकात के दौरान सुपेबेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस सुविधा प्रारंभ करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। बताया गया कि किडनी संबंधी रोगों से पीड़ित मरीजों को उपचार के लिए दूर-दराज के शहरों में जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक और मानसिक बोझ बढ़ता है। प्रदेश मंत्री ने कहा कि यदि स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में ही डायलिसिस मशीन स्थापित कर दी जाए तो मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी तथा नियमित उपचार संभव हो सकेगा।

#### एंबुलेंस, डॉक्टर और स्टाफ की तैनाती पर जोर

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश मंत्री ने सुपेबेड़ा में 24 घंटे आपातकालीन एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि गंभीर स्थिति में समय पर अस्पताल पहुंचना जीवन रक्षक साबित होता है, इसलिए एंबुलेंस की व्यवस्था अनिवार्य है। इसके अलावा योग्य डॉक्टरों और आवश्यक मेडिकल स्टाफ की नियमित तैनाती सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। वर्तमान में सीमित संसाधनों के कारण मरीजों को पर्याप्त उपचार नहीं मिल पाता, जिसे सुधारना अत्यंत आवश्यक है। सुपेबेड़ा में नव निर्मित अस्पताल भवन को लेकर भी चर्चा हुई। प्रदेश मंत्री ने मांग रखी कि भवन को एक माह के भीतर स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कर नियमित संचालन प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि भवन तैयार होने के बाद भी यदि स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ नहीं होतीं तो जनता को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाएगा। इसलिए शीघ्र उद्घाटन और सेवाओं की शुरुआत आवश्यक है।

---

## शिव महापुराण कथा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मानिकचौरी में आयोजित शिव महापुराण कथा श्रद्धा और भक्ति के साथ निरंतर जारी है। कथा वाचक, श्रीधाम वृंदावन के पंडित कृष्णचंद्र दुबे है। कथा प्रसंग के दौरान पंडित श्री दुबे ने गणेश जी के जन्म पर विस्तार से वर्णन किया। कहा कि आज से और अभी से सभी श्रोता अपने जीवन से पांच बुराइयों को त्याग कर पांच अच्छाइयों को ग्रहण करें और सनातन संस्कृति के संरक्षण, सनातन धर्म की रक्षा घर-परिवार समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना तथा राष्ट्रीय उत्थान जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। कथा स्थल पर श्री शिवाय नमस्तुभ्यं, हर हर महादेव और ॐ नमः शिवाय के जयघोष से पूरा पंडाल गूंज उठा, जिससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। शिव महापुराण कथा में ग्राम मानिकचौरी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और कथा श्रवण कर लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस शिव महापुराण कथा का आयोजन राधिका-रमेश साहू, गोमती-बलराम साहू, प्रिया - नरसिंह साहू, हेमलता-अवध साहू, साधना-हलधर साहू द्वारा अपने पूज्नीय माता स्वर्गीय मान बाई साहू धर्मपत्नी दुखूराम साहू के पावन स्मृति में कराया जा रहा है। कथा श्रवण करने प्रमुख रूप से राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, किसान नेता चंद्रिका साहू, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष परदेसी राम साहू, पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष भोज राम साहू, संत राम साहू, प्रेमलाल साहू, अरुण कुमार साहू सरपंच, गजाधर साहू, धनीश साहू, भागीरथी साहू, कोमल सिंह साहू एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शिवराज देवांगन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। क्षेत्रवासियों ने इस धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज में धर्म, आस्था और संस्कारों को मजबूत करने वाला शुभ कार्य बताया।

---

## झड़ी राम पटेल उपाध्यक्ष और ज्ञानप्रकाश चंद्राकर बने महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर







भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मार्गदर्शन में, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशानुसार रायपुर ग्रामीण जिला युवा मोर्चा की नई कार्यसमिति की घोषणा की गई है। जिला प्रभारी सुरेन्द्र पाटनी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम कुमार नारंग की सहमति से जिलाध्यक्ष पिन्टू साहू ने जिला कार्यसमिति, मंडल अध्यक्षों व महामंत्रियों की सूची जारी की। जारी सूची मे अभनपुर विधानसभा से तूता निवासी झड़ी राम पटेल को को जिला उपाध्यक्ष, सिंगारभाठा निवासी ज्ञानप्रकाश चंद्राकर को महामंत्री, इशांत चंद्राकार को सह कोषाध्यक्ष, श्रीमती नंदनी खुटियारे को कन्या शक्ति सह संयोजिका, गोयल भट्ट को नीति एवं अनुसंधान प्रमुख तथा लिलेश सिन्हा को खेल एवं कला प्रमुख बनाया गया है। जिला कार्यसमिति में साकेत चंद्राकार, संदीप चंदाने, संदीप बैंस, मलकीत गुलाटी,ओम आशीष साहू एवं हेमंत चंद्राकार को सदस्य नियुक्त किया गया है। मंडल स्तर पर अभनपुर मंडल में सागर साहू को अध्यक्ष एवं समीर यदु को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। खोरपा मंडल में शशिकांत साहू को अध्यक्ष तथा अश्वनी साहू और खुमेंश यदु को महामंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं चंपारण मंडल में अभिषेक चंद्राकार को अध्यक्ष एवं रवि साहू को महामंत्री बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती देने और युवा शक्ति को सक्रिय करने का संकल्प व्यक्त किया है।

---

## ज्ञान विज्ञान विद्या मंदिर में वार्षिक उत्सव की धूम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

ग्रामीण अंचल के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान ज्ञान विज्ञान विद्या मंदिर, मुड़ागांव में शनिवार संध्या को वार्षिक सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस शाम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंजीनियर पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य, जनपद पंचायत छुरा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं श्रीमती गोदावरी शारदा दीवान सरपंच, ग्राम पंचायत मुडागांव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय कवि नूतन साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक गंगाराम नेताम, एस. के. वर्मा (प्राचार्य, अकलवारा), रूपसिंह साहू (अध्यक्ष), पालेंद्र साहू (महामंत्री), सीएल साहू (बाल विकास अधिकारी, छुरा),



वरिष्ठ पत्रकार तेजराम ध्रुव, कनिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र यादव एवं सरपंच कसेकेरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। जैसे-जैसे शाम ढलती गई, विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा से परिसर में रंग भर दिए। बच्चों ने धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। विभिन्न विधाओं के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए, जिसकी पालकों और अतिथियों ने जमकर सराहना की। अपनी प्रस्तुतियों से छत्तीसगढ़ी संस्कृति और आधुनिक शिक्षा के संगम को जीवंत कर दिया।

**प्रतिभाओं का सम्मान-** वार्षिक उत्सव के दौरान शैक्षणिक और खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही, क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकारों का भी विशेष सम्मान किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इंग्लिश मीडियम स्कूल के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सराहनीय कदम है। विद्यालय के प्राचार्य नीलम कुमार साहू ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के पीछे स्कूल स्टाफ और बच्चों की कड़ी मेहनत है। कार्यक्रम का शानदार और प्रभावशाली संचालन राजेंद्र कुमार साहू (सर) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में बड़ी संख्या में उपस्थित पालकों और ग्रामीणों ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की प्रशंसा की।

---

## उदंती टाइगर रिजर्व के ट्रैप कैमरे में वन्यप्राणियों की तस्वीर कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में लगाये गये जगह-जगह ट्रैप कैमरे में दो दिनों के भीतर वन्यप्राणियों की बेहद ही खुबसूरत तस्वीर कैद हुई है। मादा भालू अपने दो शावको को अपने पीठ में बिठाकर जंगल में ले जाते तस्वीर कैद हुई है जो सोशल मिडिया में जमकर वायरल हो रही है तो वहीं चितल, हिरण, नीलगाय, गौर एवं तेंदुआ की भी तस्वीर कैमरे में कैद हुई है जिसकी पुष्टि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन की है।



---

### बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा की 25 को

फिंगेश्वर। फणीकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय के बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के समस्त विद्यार्थियों (नियमित एवं स्वावधायी) कि दिनांक 25 फरवरी को वनस्पति शास्त्र का प्रायोगिक परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महाविद्यालय की वनस्पति



विज्ञान प्रयोगशाला में आयोजित की जाएगी। परीक्षा निर्धारित समय पर प्रातः 8 बजे प्रारंभ होगी, अतः सभी परीक्षार्थियों को कम से कम 30 मिनट पूर्व प्रयोगशाला में उपस्थित होना अनिवार्य है। विलंब से आने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार ही दी जाएगी। विश्वविद्यालय से प्राप्त प्रायोगिक परीक्षा योजना के अनुसार परीक्षा में विभिन्न घटक शामिल रहेंगे। इसमें मुख्य प्रयोग स्पॉटिंग स्लाइड तैयारी अथवा पुष्प विच्छेदन प्रायोगिक अभिलेख तथा मौखिक परीक्षा मे सम्मिलित होंगे। प्रत्येक खंड के अंक विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित हैं तथा कुल अंक 50 रहेंगे। विद्यार्थियों का मूल्यांकन उनकी प्रयोगात्मक दक्षता, सूक्ष्म अवलोकन क्षमता, चित्रंकन की शुद्धता, अभिलेख की पूर्णता एवं मौखिक उत्तरों के आधार पर किया जाएगा। सभी विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी प्रायोगिक अभिलेख पूर्ण एवं हस्ताक्षरित, हर्बेरियम, प्रयोगशाला कोट, ड्राइंग सामग्री पेंसिल, रबर, स्केल आदि तथा पहचान पत्र के साथ लेकर आएं।

---

## उदंती रिजर्व के जंगल में दुर्लभ गिलहरी कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में विभिन्न प्रकार के दुर्लभ प्रजाति के वन्यप्राणी पाए जाते हैं और स्वतंत्र विचरण करते है इन दिनों लगातार वन्यप्राणियों की तस्वीर टाइगर रिजर्व के जंगल से निकलकर सामने आ रही है। उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व क्षेत्र कई वन्य प्राणियों का निवास स्थान है इनमें एक दुर्लभ इंडियन जायंट क्विवरल (भारतीय विशाल गिलहरी), जिसे मालाबार विशाल गिलहरी भी कहा जाता है रिजर्व क्षेत्र में एसडीओ बीएस राजपूत ने इंडियन जायंट क्विवरल की तस्वीरे कैमरे में कैद की है उक्त जानकारी उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने दी है। ज्ञात हो कि मुख्य रूप से भारत के पश्चिमी घाट के



सदाबहार वनों में पाई जाने वाली एक बड़ी और रंगीन प्रजाति है यह महाराष्ट्र राज्य का राजकीय पशु है यह गिलहरी 25–50 सेमी (पूंछ मिलाकर 3 फीट तक) लंबी होती है और यह 6 मीटर तक एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर कूद सकती है इंडियन जायंट क्विवरल बहुत रंगीन होती है, जिसमें आमतौर पर गहरा लाल, मैरून, काला, भूरा और क्रीम रंग का मिश्रण होता है इसका निचला हिस्सा और अगले पैर अक्सर क्रीम या हल्के रंग के होते हैं इनका वजन आमतौर पर 1.5 से 2 किलोग्राम के बीच होता है यह वृक्षवासी प्राणी है, यानी यह अपना अधिकांश समय ऊँचे पेड़ों की शाखाओं पर बिताती है और शायद ही कभी जमीन पर आती है यह शाकाहारी है, जो फल, मेवे, फूल, और पेड़ों की छाल खाती है ये आमतौर पर एकाकी जानवर हैं।

---

**कचरे से कमाई और स्कूलों में श्रमदान पर जोर**

## स्वच्छता मिशन की जमीनी हकीकत परखने देवभोग और मैनपुर पहुंचे राज्य सलाहकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के राज्य सलाहकार पुरुषोत्तम पंडा ने गरियाबंद जिले के ब्लॉक देवभोग और मैनपुर का दो दिवसीय सघन दौरा किया। इस प्रवास के दौरान उन्होंने मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्योंर् की जमीनी हकीकत जानी और हितग्राहियों व स्वच्छताग्रहियों से सीधा संवाद किया। अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान श्री पंडा ने देवभोग ब्लॉक की ग्राम पंचायत बरबाहली, चिचिया और डूमरबहाल का भ्रमण किया। इसके पश्चात उन्होंने मैनपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत इंदागांव, तौरेंगा, मैनपुरखुर्द और मैनपुरकला का दौरा कर वहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्योंर् और स्वच्छता प्रबंधन का बारीकी से निरीक्षण किया। दौरे के दौरान दीदियों ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, आपके आगमन से हमें नई ऊर्जा और मोटिवेशन मिला है। अब हम और भी अधिक जोश के साथ अपने गांवों को मॉडल बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। निरीक्षण के दौरान श्री पंडा ने ग्राम पंचायत डूमरबहाल में सामुदायिक शौचालय के बेहतर संचालन के लिए उसकी जिम्मेदारी स्वच्छताग्राही दीदियों को सौंपने के लिए पंचायत से सरपंच को आग्रह किये, जिला समन्वयक परवेज हनफी ने भी दीदियों को



संबोधित करते हुए बताया कि भविष्य में स्वच्छता मिशन से जुड़कर वे किस प्रकार अपनी आजीविका को सुदृढ़ कर सकती हैं और इसके क्या लाभ होंगे। राज्य सलाहकार ने विकासखंड देवभोग और मैनपुर के समन्वयक उत्तर यादव को इन ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों पर विशेष ध्यान देने और मिशन के लक्ष्यों को समय सीमा में पूरा करने के लिए निर्देशित किया।

### गंदगी देख जताई नाराजगी

कचरा संग्रहण, प्लास्टिक को इकट्ठा कर श्रेडिंग प्लास्टिक को पीएमजीएसवाई को रोड निर्माण के लिए बेचने के लिए सभी स्वच्छाग्रही समूह को प्रोत्साहित किया। साथ ही गांव में ग्रे वाटर प्रवंधन के लिए संरचनाओं के निर्माण के संबंध में पंचायत को विशेष ध्यान देने तथा गांव में



निर्मित सभी स्वच्छता संरचनाओ को क्रियाशील करना एवं उनकी समय समय पर रख रखाव पर ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान श्री पंडा ग्राम पंचायत इंदागांव के प्राथमिक शाला पहुंचे, जहाँ उन्होंने स्कूल का औचक निरीक्षण किया। स्कूल परिसर में फैली गंदगी को देखकर उन्होंने शिक्षकों से चर्चा कर शिक्षण संस्थानों में स्वच्छता सर्वोपरि है बच्चों को इस संबंध में जानकारी देते हुए स्कूल परिसर में शोक पीट एवं नाडेप निर्माण के लिए अनुरोध किया। साथ ही प्रत्येक शनिवार को स्वच्छ परिसर निर्माण के लिए श्रमदान हेतु सरपंच सचिव को निर्देशित किया।



## खबर संक्षेप



### दुतकैया के ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**राजिम।** ग्राम विकास समिति दुतकैया के अध्यक्ष बोधन साहू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने 1 फरवरी को हुई घटना के संदर्भ में जांच आधिकारी राजिम एसडीएम को घटना के विवरण संबंधी पत्र सौंपा। इस पत्र में वर्ग विशेष के कुछेक युवको के अनैतिक गतिविधियों का सिलसिलेवार जिक्र किया गया है। पत्र में उस दौरान हुई कई घटनाओं का उल्लेख शामिल है। ग्रामीणों ने एसडीएम को राजिम हॉस्पिटल का एक सीसीटीवी फुटेज भी सौंपे है। साथ ही कहा गया है कि गांव के बेगुनाह लोगो की रिहाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रुप से साहू समाज दुतकैया के अध्यक्ष परमेश साहू, सचिव मदनलाल साहू, आनंद साहू, मोहन ध्रुव, लीलेश यादव, तुकाराम, गोपीराम, घनाराम साहू शामिल थे।

### ग्राम चंडी में 21 बछड़ों का बधियाकरण किया



**अभनपुर।** पशु औषधालय संकरी द्वारा ग्राम नाहना चण्डी में कृत्रिम गर्भाधान अभियान चलाया गया। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी टीडी मानिकपुरी ने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान पशुओं के नस्ल सुधार का एक आधुनिक एवं प्रभावी माध्यम है, किंतु क्षेत्र में मौजूद निकृष्ट एवं नाटे बछड़े (स्थानीय सांड) इस प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न कर रहे थे, जिससे गर्भाधान कार्य प्रभावित हो रहा था। इसी समस्या के समाधान के लिए कुल 21 निकृष्ट बछड़ों का बधियाकरण किया गया। इस पहल से नस्ल सुधार कार्यक्रम को गति मिलेगी तथा किसानों को बेहतर नस्ल के पशु प्राप्त होंगे, जिससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। इस अभियान में पशु परिचारक बसंत वर्मा,ग्राम के पशु चरवाहा तोरण यादव, ऋषि यादव, वैष्णव कोसले, राजू यदु, संतोष यदु, विशाल यदु, गजेन्द्र यदु, मुलचंद सोनवानी, हेमराज यदु एवं गोविंद यदु का सहयोग रहा।

### पार्षद नम्मू नारायण बने अजजा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष

**नवापारा-राजिम।** वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद नम्मू नारायण ध्रुव को नवापारा मंडल अनुसूचित



जनजाति मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सहदेव कंसारी, सचिन सचदेव, मुकुंद मेश्राम, परदेसी राम साहू, राजू रजक,बॉबी चावला, योगिता डॉक्टर के आर सिन्हा उमा कंसारी, प्रभा बांसवार, गीता राजपूत, कमलेश निषाद, लीलाराम निषाद, अमित साहू ने शुभकामना दी है।

### भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के महेन्द्र सोनी जिला सहसंयोजक नियुक्त

**मैनपुर।** मैनपुर नगर के सोना चांदी



व्यवसायी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महेन्द्र सोनी को भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। मैनपुर देवभोग क्षेत्र के कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त किया है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से एवं गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की अनुशंसा से महेन्द्र सोनी को भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। महेन्द्र सोनी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी द्वारा उन्हे जो जिम्मेदारी दी गई है उस जिम्मेदारी में पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा भाजपा के विष्णुदेव सरकार गरीब, किसान, मजदुर, युवा, छात्र सभी वर्गो के विकास के लिए कार्य कर रही है।

**समस्या : टंकी बनने के बाद भी अब नए कनेक्शन के नाम पर जनता को फिर से 6 महीने का लंबा इंतजार**

# 5.50 करोड़ की जलावर्धन योजना फाइलों में पूर्ण, पर नलों में पानी का इंतजार बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत छुरा में पेयजल संकट दूर करने के लिए साल 2019-20 में स्वीकृत हुई 5 करोड़ 50 लाख रुपये की महत्वाकांक्षी जलावर्धन योजना विभागीय लापरवाही और ठेकेदार की सुस्ती की भेंट चढ़ गई है। जिस कार्य को एक वर्ष में पूर्ण हो जाना था, उसे पूरा करने में प्रशासन ने 5 साल लगा दिए। विडंबना यह है कि पाइपलाइन बिछने और टंकी बनने के बाद भी अब नए कनेक्शन के नाम पर जनता को फिर से 6 महीने का लंबा इंतजार थमाया जा रहा है।

नगर पंचायत में शासन द्वारा जलावर्धन योजना के तहत नगर में पानी के लिए 5 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति 2019-20 में की गई थी जिसे प्रति वर्ष बढ़ते बढ़ते 2024- 25 मेंयह कार्य कार्य पूर्ण हुआ है, जबकि यह कार्य एक वर्ष में पूर्ण हो जाना था, इसमें लगातार ठेकेदार को प्रति वर्ष समय वृद्धि किया गया है जिसमें पानी टंकी का निर्माण और 26 किलोमीटर पाइप लाइन नगर में डाला गया है, उसके अलावा 10 अक्टूबर 25 को लगभग 40 लाख रुपए की स्वीकृति के साथ 6 माह के समय के लिए पुराने कनेक्शन की जगह में नए नल कनेक्शन देने के लिए टेंडर हुआ है इससे पता चलता है कि नया नल कनेक्शन के लिए 6 महीने का समय दिया है लगभग इससे साफ है कि तब तक तो कम से कम में नई पाइप लाइन से पानी की सप्लाई नहीं होगी साथ ही साथ यहां पर कुल 15 वार्ड में 752 कनेक्शन है जिसमें से लगभग 10 वार्ड में लगभग 200 कनेक्शन देने का कार्य हुआ है और बाकी वार्डों में कनेक्शन लगाने का कार्य चल रहा है।



**घरों में पानी दिया जाएगा**

इस संबंध में सीएमओ यमन देवांगन ने कहा कि एक बार पाइप लाइन में पानी चल गया है ट्रायल हो गया है। अब कनेक्शन देने का कार्य चल रहा है। कनेक्शन पूर्ण होते ही पुराने पाइपलाइन को बंद करके नई पाइप लाइन से घरों में पानी दिया जाएगा।

**बंद होंगे सार्वजनिक नल, बढ़ेगी मुसीबत**

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में लगभग 100 सार्वजनिक नल होंगे जिसमें नए कनेक्शन के साथ सभी सार्वजनिक कनेक्शन बंद कर दिए जाएंगे और सभी को पानी के लिए नई पाइप लाइन से कनेक्शन लेना पड़ेगा, इन सब के बावजूद अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि नई पाइप लाइन से लोगों के घरों में पानी आखिर कब तक पहुंचेगी?



## आईटीआई के पास कचरे का अंबार और मदिरा प्रेमियों का जमावड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के आईटीआई प्रशिक्षण केन्द्र के पास साफ -सफाई नहीं होने के कारण आईटीआई की बाहर बनी सड़क मे कचरों की अबांर लगी हुई है जिसके चलते इस केन्द्र मे पढ़ने वाले बच्चे इस मार्ग से पैदल नहीं चल पाते वहीं पर बदबू के चलते संक्रामक रोग फैलने की संभावना बनी हुई है। इस मामले को लेकर नगर पंचायत खामोश है। युवाओ ने कचरा उठाने नगर पंचायत से अपील की है। ज्ञात हो कि इस आई टी आई भवन मे कृशि महाविद्यालय की कक्षाए भी संचालित होती है।दोनो संस्थानो के संचालित होने से जो कचरा जमा होता है वह भी बाहर दिखाई देता है।छात्रें ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि इस संस्थान के पास जैसे ही शाम होता है मदिरा प्रेमी युवाओं का जमघट लगा रहता है। अवैध रूप से इस परिसर मे मदिरा पीते नजर आते है और शराब के बाटल के साथ साथ डिस्पोजल, गिलास के साथ साथ चखना का कचरा भी छोड़ देते हैं।इसी प्रकार कालेज मैदान मे भी प्रतिदिन संध्या एवं रात मे मदिरा पे्रमियों का जमघट लगा रहता है जिसके चलते एड्रेस को लेकर शैक्षणिक संस्थाए बदनाम हो रहे हैं। युवाओ ने फिंगेश्वर पुलिस से अपील की है कि सार्वजनिक स्थान मे खुलेआम अवैध रूप से मदिरा पान करने वाले लोगो के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करे।

## ठेठवार यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन संपन्न, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ठेठवार यादव समाज छुरा राज का वार्षिक अधिवेशन 22 फरवरी को ठेठवार यादव समाज भवन में एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस भव्य अधिवेशन में समाज के स्वजातीय बंधुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। इस वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ समाज के सभी पदाधिकारी और पंचगण के साथ सभी सदस्यगण यादव समाज के जगतगुरु श्रीकृष्णचंद्र एवं ईष्ट देव की विधिवत पूजा अर्चना कर महाआरती की गई। तत्पश्चात समाज के संरक्षक तिलक राम यादव, प्रहालद यादव,राजेश यादव, प्रवीण यादव, अध्यक्ष शंकरलाल यदु, सचिव देवनारायण यादव, कोषाध्यक्ष खेमलाल यादव, सलाहकार धनीराम यादव, दिगम्बर, कन्हैया लाल यादव सहित समाज के सभी पदाधिकारीयों का चंदन गुलाल से स्वागत किया गया। साथ ही साथ प्राप्त आवेदन पत्रों पर समाज द्वारा विचार विमर्श कर निर्णय भी लिया गया। इसी कड़ी में खल्लरी राज से आये हुए सभी पदाधिकारियो का सहसमान किया। संबंधों पर छुरा राज और खल्लरी राज के द्वारा चर्चा कर निर्णय लिया गया। कोषाध्यक्ष खेमलाल के द्वारा



वार्षिक आय व्यय एवं लेखा जोखा समाज में प्रस्तुत किए। तत्पश्चात तीन वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से गठन किया गया। समाज के सभी पदाधिकारी अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर समाज के सभी पंचगण, युवा साथी एवं समाज के पदाधिकारी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सचिव देवनारायण यादव ने की। यहां वार्षिक अधिवेशन समापन सोहार्द्रपूर्ण वातावरण में स्नेह के साथ संपन्न हुआ।

## अनुशासन ही सफलता की कुंजी : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महाविद्यालय परिवार के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण तथा कनिष्ठ छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, स्नेह और आत्मीयता का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात कनिष्ठ छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अपने वरिष्ठ साथियों के प्रति सम्मान प्रकट किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नृत्य, गीत, कविता–पाठ एवं लघु नाटिका की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा। सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समारोह को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य सनबरसन साहू ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय केवल शैक्षणिक ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। यहां प्राप्त संस्कार और अनुभव विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राध्यापक गायत्री मरकाम, जयश्री वर्मा एवं संजय रामटेके ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए निरंतर परिश्रम, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों को अपनाने की सलाह दी। वक्ताओं ने कहा कि जीवन की चुनौतियों से घबराने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना ही सफलता की कुंजी है।

■ नवीन कॉलेज मैनपुर में वरिष्ठ छात्रों को दी गई विदाई



**विशेष उपलब्धियां और सम्मान**

कार्यक्रम का कुशल संचालन छात्र पूजा साहू एवं छात्र ज्ञानसिंग मरकाम ने प्रभावी ढंग से किया। दोनों संचालकों ने अपने आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतीकरण से कार्यक्रम को आकर्षक एवं सुव्यवस्थित बनाए रखा। आयोजन को सफल बनाने में पायल पटेल, खगेंद्र स्वराज नागेश एवं पुष्पांजलि साहू ने सक्रिय भूमिका निभाई। उनके सहयोग और समर्पण से समारोह सुचारु रूप से संपन्न हुआ। समारोह के दौरान वरिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने महाविद्यालयीन अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर 'मिस फेयरवेल' के रूप में माधुरी ठाकुर तथा 'मिस्टर फेयरवेल' के रूप में छात्र रमाकांत पटेल का चयन किया गया। चयन की घोषणा होते ही सभागार तालियों से गूंज उठा और दोनों विद्यार्थियों को स्मृति–चिह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं तथा सामूहिक छायाचित्र लेकर इस भावनात्मक पल को स्मरणीय बनाया। इस प्रकार नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर में आयोजित विदाई समारोह स्नेह, सम्मान और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा, जो वरिष्ठ विद्यार्थियों के लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

## पंचों का प्रशिक्षण, 6 माह के बच्चे को गोद में लेकर पहुंची महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला





ग्राम पंचायत रसेला में सोमवार को नव निर्वाचित पंचों का एक दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत कोठीगाव, दादरगाव नया, मेडकीडरी, पड्रीपानी गोंड शामिल हुए। इस तरह 25 फरवरी को ग्राम पंचायत रसेला, रूवाड, कुडेरादादर, मुढीपानी पंचायत के नव निर्वाचित पंचों इस प्रशिक्षण में भाग लेंगे। इस प्रशिक्षण में ट्रेनर द्वारा पंचायत वार्ड पंचों का आधारभूत प्रशिक्षण, पंचायत की बुनियादी भुमिकाएं और जिम्मेदारी, पंचायत राज अधिनियम एलएसडीजी थीम पीएल, वोएसआर इत्यादि विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायती राज व्यवस्था, ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण और जन भागीदारी के माध्यम से विकास कार्यों को गति देने के लिए सशक्त बनाना है। साथ ही पंचों को उनके अधिकारों, जिम्मेदारियों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं जैसे स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा के प्रति जागरूक करना। यह प्रशिक्षण पंचायती राज मंत्रालय की 73 वें संवैधानिक संशोधन की भावना के अनूरूप, ग्राम सभाओं को मजबूत करने और पंचायत को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत पड्रीपानी गोंड के वार्ड नंबर 12 के पंच जयमनी पति मिनकत्तर सोरी अपने कर्तव्य के खातिर अपने 6 माह के बच्चे को लेकर अपने पंचायती राज के बारे या पंचों का अधिकार जानने प्रशिक्षण में उपस्थित हुए थे। प्रशिक्षण के दौरान पंच जयमनी सोरी अंदर थे और उसके 6 माह के बच्चे को उसके पति बाहर खिला रहे थे। इसके जगह कोई दूसरा होता तो यही सोचता इतना छोटे बच्चे को लेकर कहा जाऊंगा। मगर जब अपने अधिकार और सीखने का समय मिले उसे नहीं छोड़ना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान पंचायती राज अधिनियम, पेसा कानून छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत अनिवार्य, वैकल्पिक कर तथा शुल्क, आदि शासन की प्रमुख योजनाएं, जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ट्रेनर द्वारा जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों को उनके उत्तरदायित्वों के प्रभावी निर्वहन के लिए सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस दौरान चार पंचायतों के महिला व पुरुष पंचगण उपस्थित थे।

## आपसी रंजिश में चिकन दुकान संचालक पर चॉपड़ से जानलेवा हमला, नगर में तनाव

**अभनपुर।** सब्जी मार्केट के पास स्थित चिकन दुकान में आपसी रंजिश को लेकर सन्नी ध्रुव नामक व्यक्ति ने दुकान संचालक झूलाराम साहू पर धारधार चॉपड़ से प्राणघातक हमला किया जिससे संचालक के गर्दन व सीना में गंभीर चोटे आई है। घायल को तुरंत शासकीय अस्पताल मे भर्ती किया गया वहीं प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया है। अभनपुर नगर के मध्य मे सब्जी दुकान से लगा हुआ चिकन दुकाने है जहां आए दिन वाद विवाद व मारपीट की घटना आम बात है, प्रतिदिन की मात्र एक सब्जी मार्केट होने से यहां अधिकांश महिलाओ का आना जाना रहता है। इस प्रकार की घटना से लोग अपने आप से असुरक्षित महसूस कर रहे है। कई बार यहां की चिकन मटन की दुकान को अन्य जगह पर स्थान्तरित करने हाई कोर्ट से भी निर्णय आ चुका है लेकिन नगर पालिका की उदासीन रवैया के चलते चिकन मटन दुकानो को नही हटाया जा सका है। इसी स्थान पर सभी शासकीय प्रमुख कार्यालय एसडीएम, तहसील, जनपद, रजिस्ट्री ऑफिस जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय के अलावा गायत्री मंदिर, शिव मंदिर आदि स्थित है। विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा भी इस स्थान को व्यवस्थित व सुसज्जित रखने के लिए 78 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दिलवाया गया है,नगर के लोगो ने इस घटना से नगर के महिलाओ मे भय के साथ आक्रोश व्याप्त है तथा सब्जी बाजार से चिकन मटन दुकान को अलग रखने एसडीएम अभनपुर से मांग किया गया है।

## शिक्षा ही समाज के विकास का मूल मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



कलार समाज मैनपुर परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन ग्राम खम्हारीपारा बिन्द्रानवागढ़ में दो दिवसीय आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सहस्त्र बाहू की पूजा अर्चना कर किया गया साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं वृद्धजनों एवं अतिथियों का सम्मान किया गया। समाज की एकता और समाज के बच्चों को शिक्षा में विशेष जोर देने के संबंध में विशेष चर्चा किया गया। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा की किसी भी समाज के विकास में शिक्षा महत्वपूर्ण स्थान रखता है और हमारे समाज के लोगों को चाहिए की अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए समाज प्रदेश राष्ट्र की प्रगति और विकास सभी नागरिको शिक्षा के अधिकार की उपलब्धता पर निर्भर करता है। उन्होने कहा की इस वनांचल क्षेत्र में हमारे समाज के लोग काफी सजकता के साथ समाज के विकास में अपना योगदान दे रहे है जो समाज की एकता और संगठन को बताता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से मंडलेश्वर दसरूराम सिन्हा, निर्भय सिन्हा, भागवत सिन्हा, दुलार सिन्हा, कुलेश्वरी सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, कांती सिन्हा, जगतराम सिन्हा, प्रेमलाल सिन्हा, सुरेश सिन्हा, कल्याण सिन्हा, बिहारी सिन्हा, जुम्मन सिन्हा, रोहित सिन्हा, निमेश सिन्हा, भोजलाल सिन्हा, गजानंद सिन्हा, बुधराम सिन्हा, छत्रपाल सिन्हा, लतादेवी सिन्हा, रीना सिन्हा, खिलेश्वरी सिन्हा, कुंदन सिन्हा, संजय सिन्हा, विष्णु सिन्हा, मन्नुलाल सिन्हा, परसुराम सिन्हा, शिकारी सिन्हा, कन्हैया सिन्हा, दिनेश सिन्हा, माधव, आनंद सिन्हा, बिसाहु राम सिन्हा, खेमराज सिन्हा, भजन सिन्हा, तुलसीराम सिन्हा, अनिल सिन्हा, गेदलाल सिन्हा, राजेश सिन्हा, खोवा सिन्हा, प्रभु सिन्हा, लता सिन्हा, पारस सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कलार सिन्हा समाज के लोग उपस्थित थे।

